पंजी0संख्या :10485/1979 Fax : 0522-4108423 मो0 : 9415761409

राष्ट्रीय निषाद संघ

NATIONAL ASSOCIATION OF FISHERMEN

चौ0 लौटन राम निषाद
राष्ट्रीय सचिव

डा0 जी0के0 भानजी
राष्ट्रीय अध्यक्ष

पता : उजियार-कोरंटाडीह
जिला - बलिया (उ.प्र.)

पत्रांक :.................................. दिनांक :.............................

अतिमहत्वपूर्ण

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री जी,
उत्तर प्रदेश सरकार,
लखनऊ

विषयः बलात्कार पीड़िताओं व हत्या में मारे गये कश्यप परिवार को अहेतुक सहायता व लोहिया आवास आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन के साथ अवगत कराना है कि विगत 5 जून, 2014 को एटा जिले के मनुपुर गांव के निवासी श्याम वीर सिंह कश्यप की पुत्रियां कु0 अनीता (15) व कु0 सुनीता (13) पड़ोसी गांव में साईकिल से आटा पिसाने गयी हुयी थीं। वापस आते समय सियापुर गांव निवासी महिपाल लोधी, राजपाल लोधी व सिंहपुर निवासी संजय कुमार बघेल ने पकड़ इन लड़कियों के साथ बलात्कार किया। विदित हो कि लड़कियों के पिता श्याम वीर सिंह कश्यप के पास कोई कृषि भूमि व मकान नहीं है। मेहनत मजदूरी करते परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिवार अत्यन्त ही गरीब व लाचार परिवार है।

महोदय, दूसरी घटना 28 मई, 2014 की है। लालपुर नई बस्ती निवासी भग्गन शाक्य, बग्घा बघेल, निवासी रेलवे रोड़ व राजपाल यादव निवासी रेलवे रोड जिला कासगंज ने मनीष कुमार पुत्र स्व0 राधे लाल कश्यप (38) निवासी रेलवे माल गोदाम कालोनी थाना कोतवाली जिला कासगंज को पीट-पीट कर मार डाला। हत्या में मारे गये मनीष कुमार कश्यप की पत्नी का पूर्व में ही देहान्त हो गया है। मृतक के दो बच्चे हैं जिनमें कु0 अंकिता (5 वर्ष) व पुत्र अजीत (4 वर्ष) अनाथ हैं। इन बच्चों के सामने विकट समस्या खड़ी हो गयी है।

अतः आपसे अग्रलिखित निवेदन है :-

1. एटा जिले की बघवाला थाना अन्तर्गत मनुपुर निवासी श्याम वीर सिंह कश्यप को अहेतुक सहायता व लोहिया आवास उपलब्ध कराने की कृपा करें।
2. मृतक मनीष कुमार कश्यप निवासी रेलवे माल गोदाम कासगंज के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये इनके दोनों बच्चों को शीघ्र 5-5 लाख की अहेतुक सहायता उपलब्ध करायी जाय।

भवदीय

(चौ0 लौटन राम निषाद)